देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 184 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...सांस्कृतिक और धार्मिक अवसर



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 चेतावनी, कभी खत्म नहीं होगा वायरस

7 हमारे पास सारे प्लान हैः विराट कोहली

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में सबको मुफ्त मिलेगी कोरोना की वैक्सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को पटना में बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना वायरस के चार तरह के वैक्सीन बनाए गए हैं। एक बार जब इन वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो जाएगा तब बिहार में यह सारे लोगों को मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने यह घोषणा बिहार विधान सभा चुनाव से पहले पटना में बीजेपी का संकल्प पत्र जारी करने के पहले की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत गर्व महसूस कर रही हूं कि चुनाव में मुझे संकल्प पत्र जारी करने का मौका मिला।

### भारतीय नौसेना में शामिल हुआ 90 फीसद मेड इन इंडिया INS कवरत्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारत अपनी सैन्य क्षमता में इजाफा करने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवने विशाखापट्टनम में स्वदेशी निर्मित एंटी–सबमरीन युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती को नौसेना में शामिल किया। इस की खासियत है कि यह रडार की पकड़ में नहीं आता। कवरत्ती के बेड़े में शामिल होने से नौसेना की ताकत में और भी अधिक इजाफा होगा। प्रोजेक्ट 28 के तहत निर्मित चार स्वदेशी युद्धपोत में से यह अंतिम है।

### बीजेपी के वादे पर राहुल गांधी का तंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चुनाव घोषणा पत्र में बिहार के लोगों के लिए मुफ्त में कोरोना वैक्सीन का वादा कर बीजेपी फंस गई है। विपक्षी दल उस पर हमलावर हैं। इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इसे लेकर मोदी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि अब देशवासी राज्यवार चुनावों के शेड्यूल को देखकर पता लगाएं कि उन्हें कोरोना की वैक्सीन कब मिलेगी।

# कैम्पा योजना को मंजूरी का अनुरोध

## मुख्यमंत्री रावत ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से नई दिल्ली में की भेंट

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से भेंट कर राज्य से संबंधित मामलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के कारण लाखों की संख्या में उत्तराखण्ड के लोग वापस अपने राज्य में आए हैं।

राज्य सरकार ने इनके रोजगार के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित अनेक कदम उठाए हैं। कैम्पा में भी 10 हजार लागों को रोजगार देने के लिए योजना बनाई गई है। पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण में उत्तराखण्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य में मानव–वन्यजीव संघर्ष और वनाग्नि पर प्रभावी रोक लगाने क लिए भी कैम्पा के तहत 2020–21 के लिए 262 करोड़ 49 लाख रूपए की अतिरिक्त धनराशि का प्रस्ताव भारत सरकार के वन

**वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर को वानिकी गतिविधियों में शामिल करने का भी किया आग्रह**

मंत्रालय को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इस प्रस्ताव की स्वीकृति का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में जंगली जानवरों द्वारा विशेष तौर पर बंदर, सूअर, और मैदानी क्षेत्रों में नील गाय खेती को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों पर लेपर्ड द्वारा हमले की घटनाओं को रोकने और जंगली जानवरों द्वारा खेती को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य



जीव रेस्क्यू सेंटर को वानिकी गतिविधियों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दी।

### सीएम ने किया नई दिल्ली में निर्माणाधीन भवन ''उत्तराखण्ड निवास'' का निरीक्षण

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नई दिल्ली में निर्माणाधीन भवन ''उत्तराखण्ड निवास'' का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य, गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय की गई समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। बताया गया कि 3, गोपिनाथ बारदोलाई मार्ग, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में जून 2020 से उत्तराखण्ड निवास का काम शुरू किया गया। भवन में तीन बेसमेन्ट होंगे। है। भवन में भू तल को सम्मिलित करते हुए कुल सात तल बनाए जाएंगे। भवन उत्तराखण्ड वास्तुकला शैली में बनाया जायेगा। यह पांच सितारा ग्रीन भवन है। **शेष पेज 8 पर...**

# आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी बंगाल से ही पूरा होगा

## पीएम मोदी ने कहा–बंगाल ने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। बंगाल में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दुर्गापूजा के मौके को जनसंपर्क के लिए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हथियार बना रखा है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा भी पीछे नहीं रहना चाहती। इसीलिए बंगाल भाजपा इकाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मैदान में उतारने की तैयारी पूरी कर ली है। गुरुवार को महाषष्ठी के अवसर पर पीएम मोदी ने बंगाल के लोगों को डिजिटल संबोधन के जरिए विशेष शुभकामना संदेश दिया। पीएम के शुभकामना संदेश से लॉकडाउन के दौरान दुर्गापूजा कर रहे लोगों को काफी बल मिला है।

शंख ध्वनि से प्रधानमंत्री का बंगाल के दुर्गा पूजा में स्वागत किया गया ।भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने शंख बजाया, जिसका पीएम ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। सभी को पूजा की शुभकामनाएं दी।

बंगाल में भक्ति की शक्ति देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे कि मैं दिल्ली में नहीं बंगाल में आपके बीच उपस्थित हूं।बंगाल के लोगों के साथ दुर्गापूजा में जुड़ने का मुझे सौभाग्य मिला है। दुर्गापूजा में पूरा देश ही बंगालमय हो जाता है। मिला है। दुर्गा पूजा का पर्व भारत की एकता का भी पर्व है। भारत की पूर्णता का भी पर्व है। बंगाल की दुर्गा पूजा देश की पूजा को एक नई रंग व चमक देती है। मैं बंगाल की इस पवित्र भूमि को महाषष्ठी के अवसर पर आदर पूर्वक नमन करता हूं। बंगाल की माटी को अपने हाथों से लगाकर, जिन्होंने पूरी मानवता को दिशा देने का काम किया। रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद, चौतन्य महाप्रभु, अरविंदो, ठाकुर अनुकूल चंद्र ऐसे अनगिनत ऋषि परंपरा तपस्वी को मैं आदरपूर्वक नमन करता हूं।

**बंगाल के लोगों की मुश्किलें कम हो**

बंगाल के मनीषियों ने देश और दुनिया को राह दिखाया। यहां के महापुरुषों का नाम लेते ही एक नई चेतना जाती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा– आज भारत को सवारने में बंगाल का इतना बड़ा योगदान है। इतने सारे नाम है कि शाम हो जाएगी, लेकिन नाम खत्म नहीं होंगे। कला संगीत जगत ही बात करें तो सत्यजीत रे सुचित्रा सेन आदि कितने नाम हैं, जिन्होंने दुनिया में भारत का नाम कमाया है। पीएम मोदी ने कहा– कोशिश है बंगाल के लोगों की मुश्किलें कम हो।

# नाग एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक किया अंतिम परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को डीआरडीओ द्वारा विकसित नाग एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का अंतिम परीक्षण एक वारहेड के साथ सफलतापूर्वक किया। परीक्षण सुबह 6:45 बजे राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। बता दें कि यह लेटेस्ट मिसाइल बड़े टैंक्स को भी किसी भी मौसम में निशाना बना सकती है। कई खूबियों के अलावा इसमें इंफ्रारेड भी है, जो लॉन्च से पहले टारगेट को लॉक करता है। इसके बाद नाग अचानक ऊपर उठती है और फिर तेजी से टारगेट के एंगल पर मुड़कर उसकी ओर चल देती है। लक्ष्य भेदने की इसकी क्षमता काफी सटीक है।

भारत इस समय कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। इनमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है। पिछले दिनों रक्षामंत्री ने कहा था कि हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम होना चाहिए, बल्कि जरूरत के समय अन्य लोगों की मदद करने में भी सक्षम होना चाहिए। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

**सफलता**

■इंफ्रारेड भी है, जो लॉन्च से पहले टारगेट को लॉक करता है

बता दें कि इन दिनों पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की सेना डटी हुई है। ऐसे में नाग मिसाइल का सफल परीक्षण भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। सीमा पार जारी तनाव के बीच इन मिसाइलों का परीक्षण खासा अहम माना जा रहा है। हाल ही में, डीआरडीओ प्रमुख ने कहा कि संस्थान सेना के लिए स्वदेशी मिसाइलों को तैयार में जुटा हुआ है, ताकि मिसाइल क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बता दें कि इससे पहले भी नाग मिसाइल के कई अन्य ट्रायल हो चुके हैं। हर बात कुछ नया इसमें जोड़ा जाता रहा है। साल 2017, 2018 और 2019 में अलग–अलग तरीके की नाग मिसाइलों का परीक्षण हो चुका है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# यूपी में महिला अपराध पर सजा की दर सबसे अधिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रेप के मामलों से जुड़ी एक रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए नैशनल क्राइम रेकॉर्ड्स ब्यूरो ने कई बड़े खुलासे किए हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि यूपी में सामने आने वाले रेप के 57 फीसदी मामले ऐसे होते हैं, जिसमें किसी पीड़िता का शादी का झांसा देकर बलात्कार किया गया हो। इसके अलावा ये बात भी सामने आई है कि रेप के 37 फीसदी मामलों में बलात्कार करने वाला पीड़िता का कोई रिश्तेदार या जानने वाला ही होता है। वहीं सिर्फ 6 फीसदी रेप आरोपी ऐसे होते हैं जिससे कि पीड़िता अनजान हो। रेप के मामलों को लेकर सामने आई रिपोर्ट प्रदेश में अपराध को लेकर एक बड़ी सोचनीय स्थिति की ओर इशारा करती है। एनसीआरबी की इस रिपोर्ट पर यूपी के एडीजी आशुतोष पांडेय कहते हैं कि महिलाओं को रेप जैसी जघन्य घटनाओं पर एकदम खामोश नहीं रहना चाहिए। भले ही रेप करने वाला कोई शख्स उनका जानने वाला ही कोई क्यों ना हो, उन्हें ऐसे मामलों की शिकायत पुलिस से जरूर करनी चाहिए।

**यूपी में रेप के मामलों पर NCRB की रिपोर्ट**